प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

00000

16.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 08:50 बजे

मुख्यमंत्री

आगामी लोकसभा चुनाव और उपचुनाव को लेकर आज कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू शिमला स्थित मुख्यमंत्री आवास ओक ओवर में कांग्रेस विधायकों से बैठक करेंगे। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह सहित मुख्यमंत्री इस बैठक में कांग्रेस के विधायकों से चुनावों को लेकर आगामी रणनीति पर चर्चा करेंगे। दिल्ली से लौटने के बाद पिछले कल भी मुख्यमंत्री ने शिमला संसदीय सीट पर राजनीतिक रणनीति को लेकर शिमला में सी पी एस विधायक, महापौर और पार्षदों के साथ बैठक की और चुनावों के लिए उचित निर्देश भी दिए।

कंगना रणौत

लोकसभा चुनावों को लेकर भाजपा का चुनाव प्रचार तेजी से जारी है। हमीरपुर से भाजपा प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर आज उना, कांगडा और हमीरपुर जिला में चुनाव प्रचार करेंगे और स्थानीय कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। वहीं मंडी लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी कंगना रणौत आज मैहला, धरवाल, दुनाली, लूणा, ढकोग और भरमौर क्षेत्र में जनसंपर्क कार्यक्रमों में शामिल होगी। जहां वे चुनाव प्रचार के साथ ही जनसभाओं को भी संबोधित करेगी।

सुरेश कश्यप

शिमला संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप इन दिनों चुनाव प्रचार को लेकर सिरमौर जिला के अलग–अलग क्षेत्रों के दौरे पर है। इस दौरान कल देर शाम सिरमौर जिला के नैनीधार में एक नुक्कड़ जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में देश को लगातार एक नई पहचान मिली है। जबकि कांग्रेस के समय में देश घोटाले के लिए जाना जाता था। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में देश लगातार आगे बढ़ रहा है जबकि केंद्र में कांग्रेस सरकार के दौरान देश की पहचान सिर्फ भ्रष्टाचार के लिए होती थी और कांग्रेस के राज में कई बड़े घोटाले हुए थे।

दुर्गा अष्टमी

चैत्र नवरात्रि के आठवें दिन आज मां दुर्गा के महागौरी स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। आज अष्टमी के दिन कंजक पूजन का भी विशेष महत्व रहता है। प्रदेश के सभी शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की लम्बी कतारें लगी हुई हैं और भजन कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआहै।

सभी शक्तिपीठों में प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधा के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इस अवसर पर आज राजभवन शिमला में फलाहार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ! जहां राजयपाल शिव प्रताप शुक्ल व उनकी धर्मपत्नी जानकी शुक्ल मौजूद रहेंगे !

अग्निवीर परीक्षा

भारतीय सेना में अग्निवीर योजना के तहत अग्निवीरों की भर्ती के लिए ऑनलाइन परीक्षा 22 अप्रैल से 7 मई तक आयोजित की जाएगी। इसके लिए उम्मीदवारों को ऑनलाइन एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं। सेना भर्ती कार्यालय शिमला की भर्ती निदेशक कर्नल पुष्पिंदर कौर ने बताया कि युवा भारतीय सेना की वैवसाईट से अपने एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

साच दर्रा

पांगी घाटी को चंबा जिला मुख्यालय को से जोड़ने वाले साच दर्रे को लोकसभा चुनावों से पूर्व वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल करने के प्रयास तेज कर दिए गए है। इसके लिए जिला प्रशासन प्रयासों में जुट गया है ताकि पांगी घाटी में भी सफलतापूर्वक 1 जून को होने वाला मतदान सम्पन्न करवाया जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त चंबा मुकेश रेपस्वाल ने कहा कि पांगी घाटी को जोड़ने वाले साच पास सहित घाटी के अन्य स्थानों से बर्फ हटाने का कार्य मतदान से पूर्व सम्पन्न करवा लिया जाएगा ताकि मतदाताओं को पोलिंग बूथ तक पहुंचने में किसी तरह की कोई दिक्कत न हो।

<u>और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर....</u>

आज सभी समाचार पत्रों ने हिमाचल दिवस से जुड़े समाचार को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। आपका फैसला ने राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के हवाले से लिखा है **हिमाचल ने तेजी से तय किया विकास का सफर। पंजाब केसरी** के शब्द हैं **शांतिपूर्ण वातावरण हिमाचल को दूसरे राज्यों से बनाता है अलग।**

लोकसभा चुनावों पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सक्रियता को **अमर उजाला** ने शीर्षक दिया है **कांग्रेस ओकओवर में आज बनाएगी रणनीति, मुख्यमंत्री सुक्खू ने बुलाए सभी विधायक।** अखबार की एक अन्य खबर के अनुसार सीएम ने पिछले कल **शिमला संसदीय सीट को लेकर लिया फीडबैक, विधायकों–पार्षदों को फील्ड में उतरने के दिए निर्देश।**

प्रदेश में किराए की बिल्डिंग में उद्योग लगाने के लिए लेनी पड़ेगी धारा 118 की अनुमति पंजाब केसरी की एक खबर है।

मौसम से जुड़ी खबर पर **हिमाचल दस्तक** का शीर्षक है **रोहतांग–कोकसर में हिमपात दर्ज, तापमान में फिर आई गिरावट, प्रदेश में आज भी बारिश के आसार। दिव्य हिमाचल** के अनुसार **हिमाचल में सामान्य रहेगी बरसात, मौसम विभाग का अनुमान देश के 25 राज्यों में सामान्य से ज्यादा बरसेंगे बादल। दैनिक भास्कर** लिखता है **तेज बारिश के दौर की शुरूआत इस बार अगस्त से।**